C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 6:20 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 6:27 बजे

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 234 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 13 मार्च 2026



शादी के बाद कृतिका कामरा...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### निर्णय: धारी देवी मंदिर परिसर में मोबाइल फोन पर रहेगी रोक

श्रीनगर गढ़वाल। धारी देवी मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा देने के उद्देश्य से नगर निगम की ओर से मंदिर समिति के साथ बैठक की गई। बैठक में मंदिर परिसर की व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुविधा और परिसर को व्यवस्थित रखने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। साथ ही मंदिर क्षेत्र में मोबाइल फोन पर प्रतिबंध रहेगा। बैठक की अध्यक्षता मेयर आरती भंडारी ने की। बैठक में तय किया गया कि मंदिर परिसर की पवित्रता और अनुशासन बनाए रखने के लिए मंदिर क्षेत्र में मोबाइल पूरी तरह से वर्जित रहेगा। साथ ही नगर निगम की ओर से मंदिर परिसर में सामान रखने के लिए लॉकर की व्यवस्था की जाएगी। इसके अतिरिक्त मंदिर में पैदल आने और जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए वन वे व्यवस्था करने पर सहमति बनी जिससे दर्शन व्यवस्था अधिक सुचारु और व्यवस्थित हो सके।

### क्रिकेटर हार्दिक पांड्या पर अब यूपी में दर्ज शिकायत

हाथरस। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार खिलाड़ी हार्दिक पांड्या एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। टी20 विश्व कप 2026 की जीत के जश्न के दौरान राष्ट्रीय ध्वज, तिरंगे के कथित अपमान के आरोप में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है।

इस मामले ने करोड़ों देशवासियों की भावनाओं को आहत करने का दावा किया जा रहा है। हाथरस गेट थाना क्षेत्र के गांव नगला नंदू निवासी अधिवक्ता विश्वप्रताप सिंह राणा ने पुलिस अधीक्षक और केंद्रीय गृह मंत्री को एक प्रार्थना पत्र भेजकर हार्दिक पांड्या के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि टी20 विश्व कप 2026 के फाइनल मैच में भारत की जीत के बाद हार्दिक पांड्या का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

## महिलाओं के बीच पहुंचने के लिए भाजपा ने बनाया कीर्तन-नवरात्र प्लान

देहरादून
हमारे संवाददाता

महिलाओं के बीच पहुंचने के लिए भाजपा ने कीर्तन-नवरात्र प्लान बनाया है। कीर्तन मंडली, नवरात्र, हरियाली तीज जैसे त्योहारों में महिलाओं के लिए विशेष कार्यक्रम होंगे। मंडल स्तर तक होंगे महिला मोर्चा के आयोजन होंगे।





भारतीय जनता पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव में महिला मतदाताओं के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए खास कीर्तन-नवरात्र प्लान तैयार किया है। संगठन ने महिला मोर्चा को इस प्लान को धरातल पर उतारने की जिम्मेदारी सौंप दी है। अगले विधानसभा चुनाव में भाजपा की नजर युवाओं के अलावा महिला मतदाताओं पर भी है। आंकड़ों के हिसाब से देखें तो जनवरी में प्रदेश में 84,29,459 मतदाताओं में से 40,64,488 महिला मतदाता हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में भी महिला मतदाताओं ने भाजपा को रिकॉर्ड जीत तक पहुंचने में अहम किरदार अदा किया था। लिहाजा, संगठन ने 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए भी महिला मतदाताओं पर मजबूत पकड़ बनाने पर जोर लगाया है। इसके लिए महिला मोर्चा को जिम्मेदारी सौंपी गई है कि मंडल स्तर तक होने वाली कीर्तन मंडल में मोर्चा शामिल होगा। महिलाओं के बीच कीर्तन का आनंद लेने के साथ ही सरकार की उपलब्धियां और सेवाएं पहुंचाएगी। इसी प्रकार, नवरात्र के हर दिन अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उधर, हरियाली तीज को भी भाजपा, महिलाओं के साथ मिलकर मनाएगी। यह कार्यक्रम भी मंडल स्तर तक होंगे। इस बार विधानसभा में जो बजट मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने पेश किया, उसमें भी महिलाओं की योजनाओं से संबंधित जेंडर बजट बढ़ाया गया है। पिछले वित्तीय वर्ष में धामी सरकार ने जेंडर बजट में 2423 करोड़ की बढ़ोतरी करते हुए 16,961.32 करोड़ रुपये का प्रावधान किया था। इस साल इसमें 2730 करोड़ की और बढ़ोतरी करते हुए 19,692.02 करोड़ का प्रावधान कर दिया गया है। इस बजट में न केवल महिलाओं की सुरक्षा का ख्याल रखा गया बल्कि उनके विकास, पोषण का भी खास ख्याल रखा गया है।

रूसी तेल खरीदने के लिए अस्थायी मंजूरी देने का फैसला

# मोजतबा खामेनई जिंदा लेकिन घायल हैं: ट्रंप

नई दिल्ली
एजेंसी

अमेरिका को उम्मीद थी कि उसके हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर की मौत के बाद युद्ध शायद जल्द खत्म हो जाएगा, लेकिन ईरान ने जिस तरह से पलटवार किया है, उससे अमेरिका, पश्चिम एशिया में फंसता नजर आ रहा है। अब ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने अमेरिका के ताकतवर युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन पर हमले का दावा किया है।

आईआरजीसी ने एक बयान में दावा किया है कि उनकी एक बैलिस्टिक मिसाइल ने अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को निशाना बनाया है। आईआरजीसी का कहना है कि इस हमले के चलते युद्धपोत काम करने की स्थिति में नहीं रह गया है और उसे खाड़ी जल क्षेत्र से पीछे हटना पड़ा है। हालांकि अमेरिका ने इस दावे को खारिज कर दिया है। ईरान ने एक बयान जारी कर कहा है कि एक सटीक मिसाइल और ड्रोन हमले ने अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को निशाना बनाया है। ईरान ने कहा है कि ओमान के जलक्षेत्र में युद्धपोत पर हमला किया गया, जो ईरान की समुद्री सीमा से करीब 340 किलोमीटर दूर है। ईरान के सरकारी मीडिया ने बताया कि हमले के बाद अमेरिकी युद्धपोत और उसका स्ट्राइक ग्रुप पीछे हट गया है।

हालांकि इस दावे के पक्ष में ईरान के सरकारी मीडिया ने कोई जानकारी मुहैया नहीं कराई है। आईआरजीसी ने भी अमेरिकी युद्धपोत पर हमले का दावा किया है। अमेरिका ने ईरान के दावे को सिरे से खारिज कर दिया है। यूएस सेंट्रल कमांड ने यूएसएस अब्राहम लिंकन की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा है कि अब्राहम लिंकन कैरियर स्ट्राइक ग्रुप, ऑपरेशन एपिक फ्यूरी में लगातार मदद कर रहा है।



### ईरान की आग लगाने की धमकी से दहला तेल बाजार

पश्चिम एशिया इन दिनों बारूद के ढेर पर खड़ा है। पिछले दो हफ्तों से जारी भीषण सैन्य टकराव ने पूरी दुनिया की ऊर्जा सुरक्षा को हिला कर रख दिया है। हालात तब और भड़क उठे जब ईरान ने खुलेआम चेतावनी दे डाली कि उसके ऊर्जा ठिकानों पर हमला हुआ तो वह पूरे क्षेत्र के तेल और गैस ढांचे को आग के हवाले कर देगा। इसी बढ़ते संकट के बीच अब अमेरिका ने अचानक रुख बदलते हुए दूसरे देशों को रूसी तेल खरीदने के लिए अस्थायी मंजूरी देने का फैसला किया है।

## 8 मई से शुरू होगी आदि कैलाश यात्रा, जुड़ेंगे कुमाऊं के प्रमुख मंदिर
### केएमवीएन ने जारी किए पैकेज

नैनीताल
अफ़ज़ल हुसैन फौजी

नैनीताल उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में स्थित पवित्र आदि कैलाश यात्रा इस वर्ष 8 मई से शुरू होगी। यह यात्रा कुमाऊं मंडल विकास निगम (केएमवीएन) द्वारा संचालित की जाती है और इस बार इसे प्रदेश के तीन स्थानों हल्द्वानी, टनकपुर और धारचूला से संचालित किया जाएगा. यात्रा कुल 15 जत्थों में आयोजित की जाएगी, जिसमें देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक शामिल हो सकेंगे।

कुमाऊं मंडल विकास निगम के महाप्रबंधक विनीत तोमर ने बताया कि पहली यात्रा 8 मई से हल्द्वानी से शुरू होगी, जिसकी अवधि 8 दिन रखी गई है. इस दौरान यात्रियों को पिथौरागढ़, धारचूला, ओम पर्वत और आदि कैलाश के दर्शन कराए जाएंगे. वापसी में श्रद्धालु चौकोड़ी, पाताल भुवनेश्वर, गंगोलीहाट, जागेश्वर, अल्मोड़ा, कैंची धाम और भीमताल होते हुए वापस हल्द्वानी पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यात्रा की अवधि को कम करने की पहल भी की गई है। इसके तहत टनकपुर से 9 मई से शुरू होने वाली यात्रा 6 दिन की होगी, जिसमें पर्यटकों को सीधे आदि कैलाश तक ले जाया जाएगा. वहीं तीसरा रूट धारचूला से संचालित किया जाएगा, जो कम समय में यात्रा पूरी करने का विकल्प देगा। यात्रा के लिए हल्द्वानी रूट का शुल्क 45 हजार रुपये (जीएसटी सहित), टनकपुर रूट का 42 हजार रुपये और धारचूला रूट का 35 हजार रुपये निर्धारित किया गया है। यात्रा के दौरान आवास, भोजन, स्थानीय परिवहन और अन्य आवश्यक सुविधाएं कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा उपलब्ध कराई जाएंगी।



महाप्रबंधक ने बताया कि पहाड़ी मार्ग लंबा और चुनौतीपूर्ण होने के कारण कई यात्रियों के लिए 8 दिन की यात्रा कठिन हो जाती थी। इसी को ध्यान में रखते हुए इस बार 6 दिन का संक्षिप्त पैकेज भी तैयार किया गया है, जिससे पर्यटक कम समय में कुमाऊं के प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थलों के दर्शन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि यात्रा के लिए इच्छुक श्रद्धालु और पर्यटक कुमाऊं मंडल विकास निगम की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से रिक्शा चालक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

नैनीताल रोड पर बेस अस्पताल के सामने रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में रिक्शा चला रहे युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक चला रहे चालक ने रिक्शे को टक्कर मार दी, जिससे रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 मार्च की रात नैनीताल रोड स्थित बेस अस्पताल के सामने नरेश कुमार सिंह नामक युवक रिक्शा चला रहा था। इसी दौरान मोटरसाइकिलके चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसके रिक्शे को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में नरेश कुमार सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने घायल को तुरंत बेस अस्पताल, हल्द्वानी पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया। सुशीला तिवारी अस्पताल में जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था मृतक के पिता हरिश सिंह निवासी निकट तारा टेंट हाउस, लालडांठ निवासी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंप कर बाईक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अंतर्राज्यीय शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी की बाइक, मोबाइल और अवैध पिस्टल बरामद

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

शहर में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक शातिर अंतर्राज्यीय चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और अवैध पिस्टल के साथ जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी की पहचान कवि बिष्ट पुत्र कुंदन सिंह, निवासी गोलू माजरा डेरावसी, मोहाली (चंडीगढ़) के रूप में हुई है। उसके खिलाफ उत्तराखंड, चंडीगढ़ और हरियाणा के पंचकुला सहित विभिन्न थानों में चोरी, लूट और झपटमारी के 14 से अधिक मामले दर्ज हैं। जानकारी के अनुसार 10 मार्च को प्रकाश कविदयाल ने अपने घर के बाहर से पल्सर मोटरसाइकिल (यूके 04 के 6143) चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। वहीं 11 मार्च को सुमित मार ने राजपुरा स्थित अपनी दुकान से चार मोबाइल फोन चोरी होने की रिपोर्ट पुलिस को दी। इन घटनाओं के बाद पुलिस ने एक विशेष टीम का गठन किया। टीम ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू की और उसे चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी के पास से अवैध पिस्टल और जिंदा कारतूस भी बरामद हुए, जिसके चलते उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टीसी ने जिले में अपराध नियंत्रण और चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। इस कार्रवाई में एसआई मनोज कुमार, कृपाल सिंह, हेड कांस्टेबल मनोज कुमार और कांस्टेबल दिनेश नगरकोटी की अहम भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि कवि बिष्ट एक पेशेवर अपराधी है और उसकी गिरफ्तारी से क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।



**सफलता**

- चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए निर्देश दिए

# लैंगिक समता एवं समावेशन विषयक सेमिनार

नैनीताल

हमारे संवाददाता



प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम उषा) तथा मल्टीडेसिप्लेनरी एजुकेशन एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी (मेरु) के सॉफ्ट कॉपोनेंट इटिविटी के तहत इक्विटी एंड इनलूसिविटी कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा बीरवार को कार्यस्थल में लैंगिक समता एवं समावेशन विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन बुरांश सभागार हर्मिटेज में किया गया।

कार्यक्रम की संयोजक प्रो0. चन्द्रकला रावत (हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल) ने स्वागत वक्तव्य में कहा कि जेंडर और लिंग केवल पुरुष या महिला तक सीमित नहीं है इसमें अन्य पहचानें भी शामिल हैं तथा इन सभी में समानता एवं समावेशन के लिए यह कार्यक्रम सुनिश्चित करेगा कि कार्यस्थल पर बेहतर वातावरण, समानता की संवेदनशीलता को स्वभाव में ढालना कितना आवश्यक है यही इस कार्यक्रम का उद्देश्य भी है।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुविवि के कुलपति प्रो0.दीवान सिंह रावत ने कहा कि समानता के लिए हमें सफ लता की ओर बढ़ना आवश्यक है जिसके लिए जीवन में हमेशा सीखने की अभिवृत्ति को अपनाना चाहिए। मुख्य वक्ता प्रो0 शुचि बिष्ट (भौतिक विज्ञान कुमाऊ विश्वविद्यालय नैनीताल) ने लैंगिक समानता और समता पर पीपीटी प्रेजेंटेशन दिया जिसमें उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और पुरुषों के बीच की समानता और समता की भारत में वर्तमान स्थिति पर बात की। मुख्य वक्ता प्रो0 दीप्ति जौहरी (शिक्षा विभाग रोहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली) ने कहा कि यह कार्यक्रम इतना प्रासंगिक और आवश्यक है ताकि हमारी तथा आने वाली पीढ़ी के लिए बेहतर दुनियाँ बना सकें साथ ही वर्तमान परिदृश्य में जेंडर समता एवं समावेशन में आने वाली बाधाओं और उनके समाधान पर अपना वक्तव्य दिया।कार्यक्रम का समापन ओपन डिस्कशन के माध्यम से हुआ जिसमें शोधार्थियों और विद्यार्थियों से इस विषय से जुड़े सवालों और समाधानों पर सार्थक परिचर्चा हुई। संचालन सुश्री सृष्टि गंगवार ने किया। यहां प्रो. हरिप्रिया पाठक, डॉ. अरविंद तिवारी, प्रो. अशोक, डॉ. लक्ष्मण सिंह, डॉ. कंचन आर्या, डॉ. दीक्षा मेहरा, डॉ. मथुरा इमलाल, शिवानी शर्मा, हिमांशु विश्वकर्मा, धीरज, देवेन्द्र कुमार, रोहित रौतेला तथा ईश्वर आदि विभिन्न शोधार्थी एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे।



# ग्रामीणों की मूलभूत समस्याओं का होगा प्राथमिकता से समाधानःहेम

नैनीताल

हमारे संवाददाता

वरिष्ठ भाजपा नेता हेम चंद आर्य ने बीरवार को नैनीताल विधानसभा के तहत धनियाकोट, सिमलखा, ऊंचाकोट, बेतालघाट,तल्ला सेटी तथा मल्ला सेटी जैसे कई दुरस्थ गांवों में जाकर लोगों की समस्याएं सुनी।

बेतालघाट पहुंचकर आर्य पूरन चंद्र चौरसिया के पुत्र के जनेऊ संस्कार में शामिल हुए। उसके बाद सिमलखां में उन्होंने कई दिनों से ग्रामीणों की ओर से पानी की समस्या से तरस रहे लोगों की फरियाद सुनी तथा मामले को गंभीरता से लेते हुए मौके से ही जल संस्थान के अधिकारियों से वार्ता की, अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जल्दी ही पानी की समस्या का समाधान कर लिया जाएगा। उन्होंने झूला पुल जमीरा बवास के ग्रामीणो की सबसे बड़ी समस्या है पुल की है। पुल नहीं होने से ग्रामीणो और स्कूली बच्चों को कोसी नदी पार करके अपने गर्तव्य ओर जाना पड़ता है समान लाने ले जाने में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है इसके लिए आर्य ने ग्रामीणों से वार्ता की और कहा की जल्दी ही इस समस्या को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से वार्ता कर पुल का निर्माण कार्य करवायेंगे जिससे कि लोगों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। इस दौरान उनके साथ कई ग्रामीण व पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नैनीताल में तिब्बती राष्ट्रीय महिला विद्रोह दिवस मनाया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल में तिब्बती समुदाय की ओर से बीरवार को 67वें तिबबती राष्ट्रीय महिला विद्रोह दिवस के विशेष मौके पर सुबह 10 बजे क्षेत्रीय तिब्बती महिला संगठन नैनीताल के नेतृत्व में तिब्बती बाजार में सामूहिक पूजा और शान्ति पाठ का आयोजन किया गया है। दूसरी ओर विद्रोह दिवस के मौके पर दिनभर तिब्बती मार्केट पूरी तरह से बंद रहा।

सामूहिक पूजा खासतौर पर उन सभी तिबबती शहीदों के याद में किया गया जिन्होंने आज ही के दिन 12 मार्च 1959 में तिब्बत के आजादी के लिए अपने प्राणों की बलिदान दिया था। सामूहिक पूजा के कार्यक्रम में स्थानीय तिब्बती महिला संगठन के अध्यक्ष केलसांग छुकी, उपाध्यक्ष सोनम छोडोन, सचिव रिंजिन छोएजोम, तेनजिन ल्हाडोन, तेनजिन छोएडोन, छिरींग यांगजोम, कुंगा छौडोन, तिबबती समुदाय के वरिष्ठ सदस्य पेमा छौफेल, तिब्बती मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष येशी थुप्तेन, तिबबती संघर्ष समिति के सचिव तेनजिन थोनयो, तेनजिन छिरींग पेलकी, तेनजिन छोवांग, छिरींग तोपग्याल, तेनजिन लोडों, तेनजिन सांगमो, छिरींग पेलकी, तेनजिन लौथेन, केलसंग यांगडोन, छिरींग पाल्मो, टाशी डोल्मा, छिरींग यांगजोम तथा सोनम नॉरजॉम आदि मौजूद रहे।



नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# गैरसैंण सत्र मात्र खानापूर्ति, गैरसैंण को स्थाई राजधानी घोषित करे सरकारः खष्टी

नैनीताल

हमारे संवाददाता



जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने गैरसैंण में चल रहे विधान सभा सत्र को महज खानापूर्ति बताते हुए इसे पहाड़ और पहाड़ी जनता के साथ धोखा करार दिया है। उन्होंने राज्य सरकार से गैरसैंण को स्थायी राजधानी घोषित करने की मांग की है।

बिष्ट ने आरोप लगाया कि प्रदेश में महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि पहाड़ों में जंगली जानवरों का आतंक बढ़ रहा है और अंकिता प्रकरण में अब तक न्याय नहीं मिला है जबकि सफेदपोश लोगों को बचाया जा रहा है। इसके अलावा पानी की किल्लत, बढ़ती महंगाई और रोजगार के अभाव से युवा परेशान हैं।उन्होंने सरकार पर माफि याओं को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा कि सत्ता में आने के बाद से बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली से आम जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र में जनविरोध सफ ल रहा।बिष्ट ने कहा कि जनता बदलाव चाहती है और 2027 में होने जा रहे विधान सभा चुनाव में सरकार को जनता आईना दिखाएगी। उन्होंने केंद्र सरकार की शह पर हो रहे कार्यों के लिए प्रधानमंत्री को भी जिमेदार ठहराया। पाँच राज्यों में होने वाले आगामी चुनावों की चिंता में प्रधानमंत्री लगातार उन राज्यों का दौरा और रैली की तैयारियों में अपनी पार्टी के लिए परेशान नजर आ रहे हैं।

## नाबालिग किशोरी लापता, पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की

हल्द्वानी। मुखानी थाना क्षेत्र के कुसुमखेडा से एक 16 वर्षीय किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़ित भाई ने थाना मुखानी में तहरीर देकर बहन की तलाश के लिए पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंकित कुमार पुत्र राजकुमार, मूल निवासी ग्राम सिमरा बिठौली, तहसील मिश्रिख, जिला सीतापुर, वर्तमान में कुसुमखेडा क्षेत्र में लाल बिल्डिंग के पास, निकट रोला पुलिया में किराये पर रहते हैं। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी बहन मोहिनी उम्र लगभग 16 वर्ष उनके साथ ही रहती थी।

पुलिस को बताया कि 11 मार्च को उसकी बहन किसी कार्य से घर से बाहर गई थी, लेकिन उसके बाद वह वापस नहीं लौटी। परिजनों ने काफी खोजबीन की, रिश्तेदारों और परिचितों से भी संपर्क किया, लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका है।

## NEWS / फटाफट

### नियोलिया के निधन पर जताया गया शोक

**नैनीताल** । जिला ट्रेड यूनियन समन्वय समिति पिथौरागढ़ के अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी व महासचिव नीरज जोशी ने कर्मचारी नेता व पूर्व में जिला ट्रेड यूनियन समन्वय समिति पिथौरागढ़ के अध्यक्ष रहे बी. डी. नियोलिया के अकस्मात निधन पर शोक प्रकट किया। इस दौरान दोनों ने कहा कि नियोलिया ने कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा संघर्ष किया और उत्तराखंड राज्य प्राप्ति के लिए ऐतिहासिक आंदोलन में नेतृत्व किया। उनके कर्मचारी और राज्य के लिए किए गए कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता है। यह कर्मचारी संगठनों के लिए एक अपूर्णनीय क्षति है। जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती। दिनेश गुरु रानी ने कहा कि बी डी नियोलिया से उन्होंने कर्मचारी राजनीति सीखी और उन्हें वह अपना गुरु मानते हैं। नीरज जोशी ने कहा कि उन्होंने नियोलिया के साथ बहुत लंबे समय तक कार्य किया। ट्रेड यूनियन के पूर्व महासचिव उममेद सिंह बिष्ट ने कहा कि कर्मचारी नेता के रूप में जनपद पिथौरागढ़ में उनका एक नाम था।

### कलमठ की मांग को लेकर लोनिवि के ईई को सौंपा ज्ञापन



**नैनीताल** । नैनीताल जिले के तहत चोपड़ा गांव के सामाजिक कार्यकर्ता चंदन सिंह जीना के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल नैनीताल में लोनिवि के अधिशासी अभियंता से मिला और उन्हें ज्ञापन दिया। उन्होंने ज्ञापन में कहा कि चोपड़ा मोटर मार्ग में भुमिया मंदिर के पास कलमठ नहीं होने के कारण ग्रामवासियों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, यहां पर लगातार दुर्घटना का खतरा बनता जा रहा है इस संबंध में पूर्व में भी विभाग को सूचित किया गया था लेकिन अभी तक इसमें किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हुई है, प्रतिनिधि मंडल को अधिशासी अभियंता ने भरोसा दिलाया कि शीघ्र भविष्य में कलमठ सहित अन्य मोटर मार्ग के सुधारीकरण के कार्य किए जाएंगे जिससे दुर्घटना आदि से बचा जा सके। ज्ञापन देने वालों में जुगल गिरी, हरगोविंद सिंह रावत प्रधान सड़ियाताल आदि लोग शामिल थे।

### ढिकुली में विभिन्न विभागों का सामूहिक निरीक्षण



**नैनीताल।** राजस्व विभाग, पर्यटन विभाग तथा उत्तराखण्ड प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड एवं अग्निशमन विभाग द्वारा ढिकुनी रामनगर क्षेत्र का संयुक्त निरीक्षण किया गया और नियम कायदों के विरुद्ध संचालन करने वालों को अर्थदंड के अलावा नोटिस दिया। अभियान में 12 होटल व रैस्टोरैन्टए होम स्टे का निरीक्षण किया गया। पर्यटन विभाग द्वारा ईकाई बिना पंजीकरण के संचालन पर 9 ईकाईयो को 10,000 रुपएं0 का अर्थदण्ड दिया गया। उत्तराखण्ड प्रदूषण नियनत्रण बोर्ड द्वारा 9 ईकाईयों को नोटिश दिया गया जबकि आनि शमन विभाग द्वारा 6 ईकाइयों को नियमावली के उल्लंघन पर नोटिश दिया गया। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि नियम विरुद्ध होम स्टेए होटल और रेस्टुरेंट चलाने वालों को कतई नहीं बकशा जाएगा। निरीक्षण अभियान आने वाले दिनों में जारी रहेगा।

### फुटपाथों पर अतिक्रमण से नैनीताल में बढ़ी परेशानी

**नैनीताल।** नैनीताल में दुकानदारों द्वारा फुटपाथों पर किए जा रहे अतिक्रमण से राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शहर के कई बाजारों में दुकानों का सामान फुटपाथों तक फैल जाने से पैदल चलने वाले लोगों को सड़क पर चलने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है जिससे दुर्घटना का खतरा भी बढ़ गया है। मामले में एसडीएम नवाजिश खलीक ने बताया कि पर्यटन सीजन से पहले शहर में अतिक्रमण के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाजारों और मुख्य मार्गों के फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा ताकि राहगीरों और पर्यटकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।एसडीएम ने दुकानदारों से स्वयं ही फुटपाथों से अपना सामान हटाने की अपील की है।

# मकान निर्माण के 19.60 लाख बकाया का आरोप, महिला सिपाही के खिलाफ शिकायत

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

**आरोप**

● ठेकेदार ने महिला सिपाही के खिलाफ दी शिकायत

बेतालघाट निवासी एक ठेकेदार ने मकान निर्माण का भुगतान न मिलने का आरोप लगाते हुए महिला सिपाही के खिलाफ एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है। ठेकेदार ने मामले में जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायतकर्ता ठेकेदार दिगंबर मेहरा नेको एसपी सिटी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसने रामपुर रोड स्थित पंचायत घर के निकट महिला सिपाही का मकान बनाया था। दोनों पक्षों के बीच मकान निर्माण के लिए 1800 रुपये प्रति वर्ग फीट की दर तय हुई थी। तय दर के अनुसार मकान निर्माण की कुल लागत 42 लाख 60 हजार रुपये बनती है। ठेकेदार का आरोप है कि अब तक उसे केवल 23 लाख रुपये ही दिए गए हैं, जबकि 19 लाख 60 हजार रुपये का भुगतान अभी बाकी है। मेहरा के अनुसार कई बार मांग करने के बावजूद महिला सिपाही शेष राशि देने में टालमटोल कर रही है। ठेकेदार ने शिकायत में यह भी कहा कि मकान का निर्माण पूरा कराने के लिए उसे आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा। काम पूरा करने के लिए उसने अपनी कार और बाइक तक बेच दी, लेकिन इसके बावजूद उसे पूरा भुगतान नहीं मिला। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने हल्द्वानी कोतवाली पुलिस को पूरे प्रकरण की जांच कर सात दिन के भीतर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

# अभिमत

## राजनीतिक परिपक्वता

*राजनीति के क्षेत्र में जमीनी स्तर के कार्यकर्ता से लेकर उच्च पदस्थ पदाधिकारी के लिए संवेदनशील व्यवहार के साथ मर्यादित भाषा अनिवार्य होती है। पिछले कुछ वर्षों से राजनीति से जुड़े वरिष्ठ लोग भी गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ने राज्य के वरिष्ठ नेता को बड़ी ही शालीनता से हंसी-ठिठोली की राजनीति बंद करने की बात कही है। दरअसल पूर्व मंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष के अनुभव और परिपक्वता को लेकर बयान दिया था और कहा था कि वह उन्हें क्लास दे सकते हैं।*

सार्वजनिक जीवन में समाज के सभी वर्गों का विस्तृत दायरा होता है। मुंह से बोले गये हर शब्द का असीमित प्रभाव होता है। राजनीति के क्षेत्र में जमीनी स्तर के कार्यकर्ता से लेकर उच्च पदस्थ पदाधिकारी के लिए संवेदनशील व्यवहार के साथ मर्यादित भाषा अनिवार्य होती है। पिछले कुछ वर्षों से राजनीति से जुड़े वरिष्ठ लोग भी गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ने राज्य के वरिष्ठ नेता को बड़ी ही शालीनता से हंसी-ठिठोली की राजनीति बंद करने की बात कही है। दरअसल पूर्व मंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष के अनुभव और परिपक्वता को लेकर बयान दिया था और कहा था कि वह उन्हें क्लास दे सकते हैं। राजनीति में नेताओं ने एक नया तरीका अपना लिया है। किसी पर भी तीखी टिप्पणी कर देते हैं और बाद में दलगत राजनीति से हटकर पारिवारिक रिश्ते की दुहाई देकर चोट पर मरहम लगाना चाहते हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने जब कहा, 'मेरा भी अपना सम्मान है। एक सम्मानित पद पर हूं। पूर्व मंत्री की बात में कोई गंभीरता भी नहीं होती। पूर्व मंत्री इस प्रकार के बयानों से उत्तराखंड की महिला की राष्ट्रीय स्तर पर क्या छवि पेश करना चाहते हैं? आखिर वह चाहते क्या हैं? क्या परेशानी है उन्हें?' विधानसभा अध्यक्ष के पलटवार के बाद पूर्व मंत्री ने उन्हें छोटी बहन की तरह बताकर सफाई पेश की, लेकिन अनुभव और उम्र कम बताकर क्लास देने वाली बात पर कायम रहे और सीख देने की पेशकश की। विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व मंत्री के बीच सही और गलत का निर्णय राज्य के लोग कर रहे हैं। बयान काफी वायरल हुआ है। बहरहाल राजनीति गंभीर विषय है। राजनीति के क्षेत्र में नेता के बयान का समाज के अलग-अलग वर्ग के लोग अपने ढंग से अर्थ निकालते हैं। परिपक्वता का उम्र से संबंध नहीं होता है। कई बार कम उम्र के व्यक्ति में परिपक्वता होती है और उम्रदराज में गंभीरता का अभाव होता है। किसी भी क्षेत्र में गंभीरता और कर्तव्यनिष्ठा से काम करने वाला अनुभवी होता है। अनुभव का मापदंड भी उम्र नहीं होती है। राज्य के मुखिया मुख्यमंत्री को भी सदन में विधानसभा अध्यक्ष के निर्देश का पालन करना होता है। अध्यक्ष पीठ की गरिमा सदन के बाहर कम नहीं होती है। यह सिर्फ दो नेताओं के बीच का मामला नहीं है। देवभूमि की महिला और राजनीति के क्षेत्र से जुड़े सभी पार्टियों के लोगों को सीख लेनी चाहिए। मर्यादित भाषा और गंभीर व्यवहार की उम्मीद की जानी चाहिए।

# गैस संकट से जूझ रहा है नैनीताल, कई रेस्टोरेंट बंद

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल में इन दिनों रसोई गैस की किल्लत के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। घरेलू और कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति प्रभावित होने से खासकर मल्लीताल क्षेत्र के कई रेस्टोरेंट और ढाबे बंद होने लगे हैं। पर्यटन सीजन से ठीक पहले पैदा हुए इस संकट ने होटल और रेस्टोरेंट कारोबारियों की चिंता बढ़ा दी है।

व्यवसायियों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे तनाव विशेषकर ईरान तथा इजराइल व यूनाइटेड स्टेट के बीच चल रहे टकराव का असर अब हजारों किलोमीटर दूर पहाड़ के पर्यटन शहर नैनीताल में भी देखने को मिल रहा है। गैस आपूर्ति प्रभावित होने से होटल तथा ढाबों और रेस्टोरेंट में खाना बनाने में दिक्कतें बढ़ गई हैं। मल्लीताल के कई रेस्टोरेंट संचालकों का कहना है कि कॉमर्शियल सिलेंडर खत्म होने की कगार पर हैं और नए सिलेंडरों की बुकिंग नहीं हो पा रही है। गैस की कमी के कारण कई जगहों पर चूल्हों की आंच धीमी पड़ गई है जिससे खाना बनाना मुश्किल हो रहा है। ऐसे हालात में कुछ रेस्टोरेंट संचालकों ने अस्थायी रूप से अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए हैं जबकि कई अन्य भी बंदी की कगार पर पहुंच गए हैं। स्थिति सिर्फ कॉमर्शियल सिलेंडरों तक सीमित नहीं है। शहर में घरेलू गैस सिलेंडरों की बुकिंग भी प्रभावित बताई जा रही है। लोगों का आरोप है कि बुकिंग के लिए जारी कई नंबर बंद आ रहे हैं जिसके कारण उपभोक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ रही है। इस बीच गैस की कमी का फायदा उठाकर कुछ लोग कालाबाजारी में भी सक्रिय होने लगे हैं। गैस संकट को देखते हुए जिला प्रशासन भी सक्रिय हुआ है। डीएम ललित मोहन रयाल ने संबंधित अधिकारियों को स्थिति पर नजर रखने और आपूर्ति व्यवस्था सुचारु बनाने के निर्देश दिए हैं साथ ही लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और संयम बनाए रखने की अपील भी की गई है।

नैनीताल में जल्द ही पर्यटन सीजन शुरू होने वाला है। ऐसे में यदि गैस आपूर्ति जल्द सामान्य नहीं हुई तो इसका सीधा असर पर्यटन कारोबार पर पड़ सकता है। होटल और रेस्टोरेंट बंद होने की स्थिति में शहर आने वाले पर्यटकों को भी भोजन और अन्य सुविधाओं के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ सकता हैए जिससे पर्यटन उद्योग को नुकसान होने की आशंका है।



## नैनीताल में कुमंविनि के जीएम से मिले भाजपाई

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल शहर में गैस आपूर्ति को लेकर फैल रही भ्रम की स्थिति को स्पष्ट करने के लिए बीरवार को भाजपा मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने कुमाऊं मंडल विकास निगम के महाप्रबंधक से मुलाकात की। मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने शहर में गैस आपूर्ति को लेकर लोगों के बीच फैल रही विभिन्न चर्चाओं और सूचनाओं से अधिकारियों को अवगत कराया।

भाजपा पदाधिकारियों ने महाप्रबंधक से अनुरोध किया कि गैस आपूर्ति की वास्तविक स्थिति को स्पष्ट रूप से जनता तक पहुंचाया जाएए ताकि अनावश्यक भ्रम और आशंकाओं को समाप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में गैस को लेकर लोगों के बीच तरह.तरह की चर्चाएं हो रही हैंए जिससे लोगों में चिंता की स्थिति बन रही है। प्रतिनिधिमंडल ने जनता से भी अपील की कि गैस आपूर्ति को लेकर अनावश्यक चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि गैस की आपूर्ति नियमानुसार और आवश्यकता के अनुसार जारी रहेगी तथा व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए संबंधित विभाग लगातार काम कर रहा है।

इस दौरान मनोज जोशी, दयाकिशन पोखरिया, आशीष बजाज, भारत सिंह मेहरा, विकास जोशी, भगवत सिंह रावत, रितुल कुमार, गौरव हार्पर, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, अरविंद सिंह पडियार, पंकज बर्गली और युवराज सिंह करायत मौजूद रहे।

## नैनीताल जिले में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक:पुलिस कप्तान

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

मध्य एशिया में चल रहे तनाव के बीच सोशल मीडिया पर ईंधन की कमी को लेकर लगातार अफवाहें फैल रही हैं । जिले के पुलिस कप्तान डॉ. मंजुनाथ टीसी का कहना है कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया पर ईंधन की कमी से संबंधित भ्रामक जानकारी फैलाई जा रही है जिससे लोगों में अनावश्यक भ्रम और घबराहट की स्थिति पैदा हो सकती है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि नैनीताल जिले में किसी भी प्रकार की ईंधन कमी की स्थिति नहीं है और सभी पेट्रोल पंपों तथा गैस एजेंसियों पर आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है। उन्होंने कहा कि अफवाह फैलाने वालोंए जमाखोरी करने वालों और कालाबाजारी में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इसके लिए पुलिस प्रशासन लगातार निगरानी बनाए हुए है और जनपद में चप्पे चप्पे पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। एसएसपी ने आमजन से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से एलपीजी सिलिंडर या ईंधन की पैनिक बुकिंग न करें। यदि किसी को एलपीजी या ईंधन आपूर्ति से संबंधित कोई समस्या होती है तो तत्काल पुलिस आपातकालीन सेवा पर संपर्क करें ताकि समय पर समाधान किया जा सके।

## अल्मोड़ा में डीजल-पेट्रोल और रसोई गैस की आपूर्ति सामान्य

**अल्मोड़ा।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और संभावित युद्ध की खबरों के बीच डीजल-पेट्रोल और रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर लोगों में संशय बना है। फिलहाल अल्मोड़ा जिले में हालात सामान्य हैं।

पेट्रोल पंपों पर आम दिनों की तरह ही लोगों की भीड़ देखने को मिली। स्थानीय गैस गोदामों में भी लोग रुटीन के अनुसार सिलिंडर भरवाने पहुंचे थे। जिला पूर्ति विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में फिलहाल पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। जिले में 93126 लीटर पेट्रोल और 141698 लीटर डीजल स्टॉक में है। वहीं रसोई गैस की स्थिति भी सामान्य है। जिले में 69218 किलो गैस स्टॉक में मौजूद है। फिलहाल किसी भी तरह का संकट देखने को नहीं मिला है।

# फिल्मी दुनिया

## शादी के बाद कृतिका कामरा और गौरव कपूर की पहली पोस्ट



*शादी के बाद गौरव कपूर और कृतिका कामरा ने अपनी पोस्ट साझा की है। इसमें कपल का रोमांटिक अंदाज दिख रहा है।*

*अभिनेत्री कृतिका कामरा और गौरव कपूर कल शादी के बंधन में बंधे थे। अब आज कपल ने शादी के बाद अपना पहला पोस्ट साझा किया है, जिसमें उन्होंने अपनी शादी के बारे में बताया है। कपल ने कैप्शन में लिखा, 'कल इसी समय हमने हमेशा के लिए एक-दूसरे के साथ रहने की सहमति दी थी।' इसके साथ ही कपल ने अपनी शादी की कई तस्वीरें भी साझा की हैं, जिनमें वो रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। कपल ने जो तस्वीरें साझा की हैं, उनमें दोनों रोमांटिक पोज देते नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में दोनों एक दूसरे के काफी करीब हैं और गौरव कृतिका का हाथ थामे एक-दूसरे में खोए नजर आ रहे हैं। जबकि एक तस्वीर में दोनों खुले आसमान के नीचे रोमांटिक पोज दे रहे हैं। तस्वीरों में दोनों काफी खुश नजर आ रहे हैं। शादी के बाद कृतिका और गौरव काफी खुश नजर आए। कृतिका के हाथ में नजर आई इंगेजमेंट रिंग, नेकलेस और चोकर ने भी सबका ध्यान आकर्षित किया।*

### सेलेब्स ने दी बधाई

*कृतिका और गौरव की इस पोस्ट पर तमाम सेलेब्स ने भी कमेंट कर दोनों को बधाई दी है। कॉमेडियन सुनील ग्रोवर ने कमेंट करते हुए लिखा, 'ऐसा लगता है जैसे कल ही की बात हो।*

*बहुत-बहुत बधाई और ढेर सारा प्यार।' मृणाल ठाकुर ने बधाई देते हुए रेड हार्ट भी बनाया है। इसके अलावा श्रेया धनवंतरि, जतिन सप्रू, नेहा धूपिया और कई सेलेब्स ने भी दोनों को बधाई दी है।*

## चोरी की बड़ी वारदात, जेवरात और नगदी चोरी

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

चोरों का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है चोरों ने इस बार एक घर में ढाबा बोलकर पुलिस की रात्रि गश्त की पोल खोलते हुए पुलिस को चुनौती दी है गृह स्वामी ने चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है यहाँ बतादे आदर्श कॉलोनी गौड़ धड़ा इलाके में एक घर में चोरी होने की घटना सामने आई है। पीडति हेम चंद्र लोहनी ने थाना मुखानी में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर सौंप कर चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह 2 मार्च को अपने पैतृक गांव थापला ताकुला, जिला अल्मोड़ा गए थे। 5 मार्च को वापस लौटने पर पाया कि अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर लाखों रुपए के सोने के जेवरात और सात हजार रुपए की नगदी चोरी कर ली है। पीडति ने थाने में न्याय की गुहार लगाते हुए। चोरों को पकड़ने की मांग की है। थाना प्रभारी सुशील जोशी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और शीघ्र ही संदिग्धों को पकड़ने के लिए कार्रवाई की जा रही है।

## गर्मी को मद्देनजर जिला अस्पताल में विशेष तैयारियां

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

गर्मी के मौसम को देखते हुए नैनीताल स्थित राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने की कवायद शुरु कर दी गयी है।

अस्पताल के पीएमएस डॉ. टी.के. टमटा ने अस्पताल परिसर में निरीक्षण कर साफ. सफ ाई और पेयजल व्यवस्था पर अधीनस्थों को विशेष ध्यान देने को कहा है। उन्होंने अस्पताल में लगे चार वाटर प्यूरीफायर को नियमित रूप से दुरुस्त रखने और पानी की टंकियों की समय समय पर सफाई कराने के निर्देश संबंधित कर्मचारियों को दिए हैंए ताकि मरीजों और तीमारदारों को स्वच्छ पेयजल मुहैया हो सके। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में मरीजों की संखया बढने की संभावना रहती है इसलिए डाकटरों और अस्पताल स्टाफ को भी सतर्क रहने को कहा गया है।

News कॉर्नर

## राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी ने किया पौधरोपण

नैनीताल । राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान बीरवार को 605वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 605वें दिन अपनी सालगिरह को पौधारोपण अभियान से जोड़ते हुए जेलर योगिता गुरुरानी पांडे व शोभित पांडे ने सालगिरह के अवसर पर एक पौधा धरती मां के नाम के तहत पौधारोपण किया। योगिता ने कहा कि वह अपनी हर सालगिरह पर पौधारोपण करेंगी। पौधारोपण से जुडना महान कार्य है। शोभित पांडे ने कहा प्रकृति की सेवा सबसे बड़ी सेवा है इस महान कार्य से सबको जुडना चाहिए दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

## डीएसबी परिसरः नव नियुक्त विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो.पंत ने ली विभागाध्यक्षों की बैठक

नैनीताल । कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल में बीरवार को संकायाध्यक्ष विज्ञान प्रो. संजय पंत ने विज्ञान के विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की तथा विभिन्न विषयों पर चर्चा की ।

इस दौरान राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत डिसिप्लिन सबजेक्ट इलेटिव तथा जनरल इलेटिव विषय पर व्यापक चर्चा हुई तथा सभी विद्यार्थी जो अगले सेमेस्टर में जाते हैं उनका पंजीकरण करना तथा कक्षाओं को सुचारू रूप से चलाने एस्किल कोर्स पर भी चर्चा हुई । बैठक में प्रो. एम सी जोशी, प्रो. ललित तिवारी, प्रो. एन जी साहू, प्रो. हरीश चंद्र सिंह बिष्ट , प्रो. राजीव उपाध्याय, प्रो. रमेश चंद्र ,प्रो. आशीष मेहता तथा प्रो. मनोज कुमार शामिल हुए। इससे पूर्व सभी ने प्रो.पंत के विज्ञान संकायाध्यक्ष बनने पर उनका पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

# नैनीताल में 400 से अधिक टैक्सी वाहन बिना टैक्सी यूनियनों में पंजीकरण के संचालित

## बीते दिनों महिला पर्यटक के साथ घटना के बाद प्रशासन ने दिए जांच के आदेश

नैनीताल
हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी नैनीताल में टैकसी संचालन को लेकर बड़ी अनियमितता सामने आई है। शहर में 400 से ज्यादा टैकसी वाहन बिना किसी टैक्सी यूनियन में पंजीकरण के संचालित किए जा रहे हैं। इन वाहनों के रूट की किसी को जानकारी नहीं होती जोकि पर्यटकों के लिए खतरा है। जानकारी के अनुसार शहर की दो प्रमुख टैकसी यूनियनों में मात्र 230 टैकसी वाहन ही पंजीकृत हैं। इसके अलावा 400 से अधिक टैकसी वाहन ऐसे हैं जिनके संचालन की कोई स्पष्ट जानकारी किसी भी यूनियन या विभाग के पास उपलबध नहीं है।



बताया जा रहा है कि ये 400 से अधिक वाहन शहर में कहीं से भी संचालित हो जाते हैं और कई बार बिना किसी आधिकारिक पंजीकरण के ही यात्रियों को ढोते हैं इससे जहां टैकसी यूनियनों के पंजीकृत चालकों में नाराजगी है वहीं सुरक्षा और नियमों के पालन को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। बता दें इस मामले में एसएसपी डॉ. मंजुनाथ टीसी ने पहले ही स्पष्ट किया था कि सभी टैकसी वाहनों का संबंधित यूनियन में पंजीकरण होना जरूरी है ताकि वाहनों और चालकों की सही जानकारी प्रशासन के पास उपलबध रहे। दूसरी ओर अब जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को टैकसी चालकों के सत्यापन और वाहनों की जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शहर में संचालित सभी टैकसी वाहनों का सत्यापन कराया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### टैक्सी वाहन चालक दे चुके हैं कई घटनाओं को अंजाम

नैनीताल व आसपास के क्षेत्र में कई बार टैक्सी चालकों की ओर से कई पर्यटकों के साथ अभद्रता के मामले सामने आ चुके हैं। बीते दिनों भी पटवाडांगर क्षेत्र में टैक्सी चालक की ओर से दिल्ली की महिला पर्यटक के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया गया था। इसके बाद लोगों की ओर से टैक्सी चालकों का सत्यापन व जांच करने के निर्देश दिए हैं।

### पालिका को दिए गाइडों के सत्यापन के निर्देश



जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बताया कि पालिका की ओर से गाइडों, घोड़ा चालकों तथा नाव चालकों को लाइसेंस दिया जाता है। घटनाओं को देखते हुए इनका सत्यापन कर ड्रेस कोड तय करने का निर्देश पालिका ईओ को दिया गया है ताकि सभी गाइडों तथा नाव चालकों व घोड़ा चालकों की पहचान हो सके।

# इंस्टाग्राम दोस्ती के जाल में फंसी युवती, 50 हजार डॉलर के गिफ्ट का झांसा देकर चार लाख की ठगी

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती कर ठगी करने का एक और मामला सामने आया है। हल्द्वानी की एक युवती को गिफ्ट में अमेरिकी डॉलर भेजने का झांसा देकर साइबर ठगों ने उससे करीब चार लाख रुपये ठग लिए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार कॉस्मेटिक की दुकान चलाने वाली एक युवती से आरोपी ठग की पहचान इंस्टाग्राम के माध्यम से हुई थी। आरोपी ने खुद को कनाडा का निवासी बताते हुए युवती से दोस्ती कर ली। बातचीत के दौरान उसने युवती का विश्वास जीत लिया और कुछ समय बाद उसे सरप्राइज गिफ्ट भेजने की बात कही। ठग ने दावा किया कि उसने पार्सल में 50 हजार अमेरिकी डॉलर भेजे हैं।

इसके बाद युवती को एक फोन आया, जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को दिल्ली एयरपोर्ट का कस्टम




अधिकारी बताया। उसने कहा कि पार्सल छुड़ाने के लिए टैक्स और करेंसी कन्वर्जन शुल्क देना होगा। ठगों ने युवती से किस्तों में पैसे जमा कराने को कहा। झांसे में आकर युवती ने अपने बचत खाते से पैसे ट्रांसफर किए और यहां तक कि अपनी एफडी भी तुड़वा दी। इस तरह कुल चार लाख रुपये अलग-अलग खातों में जमा करा दिए गए। पैसे भेजने के बाद न तो युवती को कोई पार्सल मिला और न ही इंस्टाग्राम पर बने विदेशी दोस्त से संपर्क हो पाया। ठगी का एहसास होने पर पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जिन बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर किए गए हैं उनकी जांच की जा रही है। पुलिस ने लोगों से सोशल मीडिया पर अंजान लोगों के झांसे में न आने और किसी भी तरह की रकम ट्रांसफर करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल करने की अपील की है।

# माह-ए-रमजान का अलविदा जुम्मा अकीदत-ए-खास और एहतराम-ए-फर्ज के साथ अदा

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

नगर में शुक्रवार के दिन, माह-ए-रमजान का चौथा एवं अलविदा जुम्मा, नमाज़ियों की अपार भीड़ और अकीदत-ओ-इमान की भरमार के बीच अदा किया गया। प्रातःकाल से ही मस्जिदों के प्रांगण, चाहे वे बड़े व भव्य मस्जिद हों या मोहल्लों की जर्जर छोटी-मोटी जामा मस्जिदें, सज्जादियों और इबादतगाहों में सज्दे-ए-खुशबू के दृश्य से महक उठे। रोज़ेदारों ने जनसैलाब की तरह मस्जिदों में आकर अल्लाह की बारगाह में सिर झुकाया और फर्ज़-ए-इबादत अदा किया।

जुम्मे के खुत्बे में उलेमा-ए-कराम ने रमजान की फजीलत का बखान करते हुए रोजा, नमाज़ और सदक़ा-खैरात की अहमियत पर विस्तार से रोशनी डाली। उन्होंने कहाकि, माह-ए-रमजान सब्र, रहमत और भाईचारे का पैग़ाम लेकर आता है; यही वह वक़्त है जब हर मुसलमान को नेकियों की राह पर चलना, मफ़लूस-ओ-नाज़ुक हाल लोगों



की मदद करना और समाज में आपसी सौहार्द कायम रखना चाहिए। नमाज़-ए-जुम्मा के पश्चात हजारों हाथ अल्लाह की बारगाह में उठाए गए और मुल्क-ए-इस्लाम की सलामती, तरक्की और खुशहाली के लिए विशेष दुआएँ की गईं। नमाज़ियों ने नगर में भाईचारे, ऐक्य और सौहार्द कायम रखने के लिए फर्ज़-ए-दुआ अदा किया।

इस मौके पर मस्जिदों के बाहर भी प्रशासन की ओर से विशेष इंतज़ाम किए गए; पीने के पानी की सुविधा, रोज़ेदारों के लिए इफ्तार का इंतज़ाम और सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त ने इस जुम्मे को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराया।

# एआरओ बिष्ट के नेतृत्व में चला गैस की कालाबाजारी व अवैध भंडारण रोकने को अभियान

नैनीताल
हमारे संवाददाता

उच्चाधिकारियों से प्राप्त निर्देशों के क्रम में नैनीताल जिले के क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने बीरवार को पूर्ति निरीक्षक रवि डालाकोटी के साथ नैनीताल क्षेत्रान्तर्गत गैस की कालाबाजारी तथा अवैध भंडारण व रिफीलिंग को रोके जाने हेतु अभियान चलाया।

इस दौरान उन्होंने शाम को 3.25 बजे मैसर्स भवाली गैस सर्विस भवाली गैस गोदाम का भी औचक निरीक्षण प्रबंधक दीपा पाटनी की उपस्थिति में किया । बिष्ट के मुताबिक इस गोदाम की संग्रहण क्षमता 20000 किलोग्राम है । गोदाम के मुखय भाग में विस्फ़ोटक लाइसेंस नंबर अंकित पाया गया । मौके पर कई सिलेंडर की तौल करने पर उनमें मानक के अनुसार गैस पाई गई । निरीक्षण के दौरान एआरओ बिष्ट को गोदाम में 2 डिफेटिव घरेलू सिलेंडर भी देखने को मिले जिसे प्रबंधक को तत्काल कंपनी को वापस कर इनके स्थान पर सही सिलेंडर मंगवाने की हिदायत दी गई । एआरओ बिष्ट ने जानकारी देते हुए कहा कि घरेलू सिलेंडर की उपलबधता सुनिश्चित करने के लिए विभाग निरन्तर प्रयासरत है और पर्याप्त मात्रा में घरेलू गैस सिलेंडर क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न गैस गोदामों में उपभोक्ताओं को वितरण करने हेतु उपलबध हैं। कहा कि गैस की कालाबाजारी, अवैध भंडारण व रिफ ीलिंग को रोकने के लिये विभाग द्वारा निरन्तर प्रवर्तन कार्य किए जा रहे हैं । यदि कोई भी व्यक्ति /संस्था/व्यापारी द्वारा गैस की कालाबाजारी, अवैध भंडारण व रिफीलिंग करते हुए पाया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की सुसंगत धाराओं में प्रविधानांतर्गत नियमानुसार कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।



## महर्षि विद्या मंदिर ताकुला में दी आग बुझाने का प्रशिक्षण

नैनीताल। अग्निशमन केंद्र नैनीताल की ओर से उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार अग्निशमन अधिकारी नैनीताल देवेंद्र सिंह नेगी द्वारा नैनीताल क्षेत्रअंतर्गत ताकुला हल्द्वानी रोड पर महर्षि विद्या मंदिर का अग्निसुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपस्थित स्टाफ को फ ायर एसटिंग्यूशर द्वारा आग बुझाने का प्रशिक्षण दिया गया एवं अग्नि सुरक्षा संबंधी कमियो को दुरुस्त करने हेतु सुझाव दिये गए।

# बहू पर सास को जान से मारने की धमकी का आरोप

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

थाना मुखानी क्षेत्र में एक वृद्ध महिला ने अपनी बहू पर गाली-गलौच, जान से मारने की धमकी देने और घर में तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है।

आदर्श नगर गली नंबर-4 निवासी हेमा पाण्डे (73) पत्नी मथुरा दत्त पाण्डे ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि उनकी बहू अनुराधा पाण्डे 6 मार्च की सुबह अचानक गाली-गलौच करने लगी और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि बहू ने घर में पेंट का काम कर रहे मजदूरों को भी धमकाया और कहा कि अगर वे काम करेंगे तो उन्हें छत से धक्का दे देगी। इससे घबराकर पेंटर काम छोड़कर चले गए और घर में चल रहा पेंट का काम रुक गया। पीड़िता का कहना है कि बहू ने उनके ऊपर गंदा पानी डाल दिया, जिससे वे पूरी तरह भीग गईं। इसके बाद 9 मार्च की सुबह फिर उनके कमरे में आकर गाली-गलौच और चीख-पुकार करने लगी। हेमा पाण्डे के अनुसार वे पिछले आठ साल से अपने भतीजे के मकान में अलग रह रही हैं, लेकिन उनकी बहू वहां आकर उन्हें परेशान करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि बहू घर में लगे सीसीटीवी कैमरे से छेड़छाड़ कर रही है और इन्वर्टर बंद कर खराब कर देती है, जिससे उन्हें बार-बार मरम्मत करवानी पड़ रही है और आर्थिक नुकसान हो रहा है। पीड़िता ने बताया कि उनकी बहू उनके ही बनाए मकान की दूसरी मंजिल पर रहती है और उन्हें पैतृक घर में आने से भी रोक रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में पुराने भवन को तोड़कर नया मकान बनाया गया था।

# एडीएम नेगी ने किया ओखलकांडा में जेजेएम योजना का स्थलीय निरीक्षण

नैनीताल
हमारे संवाददाता

अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी ने बीरवार को जिले के दूरस्थ विकासखंड ओखलकांडा के कालाआगर में जलजीवन मिशन के अन्तर्गत 22 करोड 86 लाख निर्मित योजआओं का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए। कहा कि इस योजना के तहत कुल 9 गांवों को पेयजल योजना से लाभान्वित किया जायेगा। अपर जिलाधिकारी श्री नेगी ने जल जीवन मिशन के तहत कालाआगर में चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए जेजेएम अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि योजना के कार्यान्वयन में किसी भी प्रकार की कोताही या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में समय पर और गुणवत्तापूर्ण पाइप पेयजल कनेकशन और



शुद्ध पेयजल मुहैया कराना सुनिश्चित करें। इसके पश्चात अपर जिलाधिकारी द्वारा बलाक कार्यालय ओखलकांडा के निरीक्षण के उपरान्त अनेकों योजनाये अपूर्ण होने पर नाराजगी व्यक्त की और अधिकारियों को बलाक स्तर पर लम्बित जितनी भी योजनायें अपूर्ण है उन्हें शीघ्र पूर्ण कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरार विधायक निधि, सांसद निधि आदि 98 योजनाओं पर मानकों के अनुरूप कार्य नही होने पर खण्ड विकास अधिकारी को शीघ्र सभी योजनाओं पर त्वरित कार्यवाही कर पूर्ण करने के निर्देश दिये साथ ही निरीक्षण के दौरान मनरेगा के 836 कार्य भी अपूर्ण पाये गये तथा 167 लाभार्थियों का वृद्धा पेंशन, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन हेतु आधार लिंक बैंक से ना होने पर पेंशनरों का भुगतान उनके खाते में नहीं होने पर अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि विभाग समय समय पर शिविर लगाकर डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों का यथासमय भुगतान करे। निरीक्षण के दौरान विकासखण्ड में 13 आंगनबाडी केन्द्र जिनका निर्माण जिला योजना से होना था लेकिन कार्य आतिथि तक पूर्ण नही होने पर नाराजगी व्यक्त की और खण्ड विकास अधिकारी को कार्य समय से कार्य पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत कराने के निर्देश दिये। इस दौरान अपर जिलाधिकारी द्वारा आईटीआई ओखलकांडा सहित अनेक स्थानों में आपदा निधि से चल रहे कार्यों का भी स्थलीय निरीक्षण किया गया इस दौरान खंड विकास अधिकारी ओखलकांडा देशराज, तहसीलदार मनीषा बिष्ट समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।